का० आ० 895.—भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए लघु इंजीनियरी उत्पादों के निर्यात से पूर्व निरीक्षण कराने के लिए कतिपय प्रस्थापनाएं निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उपनियम (2) द्वारा यथाअपेक्षित, भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आदेश सं० का० आ० 312, ता० 25 जनवरी, 1975 के अन्तर्गत, भारत के राजपत्र भाग- 2, खंड- 3, उपखंड- (ii), ता० 1 फरवरी, 1975 में पृ० 494 से पृ० 508 पर प्रकाशित की गई थी;

और उन सभी व्यक्तियों से जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है, उक्त आदेश के प्रकाशन की तारीख से तीस दिनों के भीतर आक्षेप तथा सुझाव मांगे गए थे;

और उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को 10 फरवरी, 1975 तक उपलब्ध करा दी गई थीं;

और जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार ने विचार कर लिया है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 1034, ता० 28 मार्च, 1966 को अधिक्रान्त करते हुए, निर्यात निरीक्षण परिषद् से परामर्श करने के पश्चात्, यह राय होने पर कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है,

(1) अधिसूचित करती है कि इस आदेश के उपाबंध I में विनिर्दिष्ट लघु इंजीनियरी उत्पादों का निर्यात से पूर्व निरीक्षण किया जाएगा,

(2) लघु इंजीनियरी उत्पाद निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1976 के अनुसार निरीक्षण के प्रकार को, ऐसे प्रकार के निरीक्षण के रूप में विनिर्दिष्ट करती है जो निर्यात से पूर्व ऐसे लघु इंजीनियरी उत्पादों पर लागू होगा;

(3) लघु इंजीनियरी उत्पादों के लिए मानक विनिर्देशों के रूप में, इस आदेश के उपाबंध II में दिए गए विनिर्देशों के न्यूनतम के अधीन रहते हुए, लघु इंजीनियरी उत्पादों के लिए निर्यातकर्ता द्वारा घोषित किए गए विनिर्देशों को निर्यात संविदा के करार पाए गए विनिर्देशों के रूप में मान्यता देती है;

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुक्रम में पूर्वोक्त लघु इंजीनियरी उत्पादों के निर्यात का तब तक प्रतिषेध करती है, जब तक कि उनके साथ उक्त अधिनियम की धारा 7 के अधीन इस प्रयोजनार्थ मान्यताप्राप्त निरीक्षण अभिकरणों में से किसी एक द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाणपत्र न हो कि ऐसी लघु इंजीनियरी उत्पादों का परेषण निरीक्षण से संबंधित शर्तों के अनुरूप है ।

2. इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेताओं के उक्त लघु इंजीनियरी उत्पादों के उन नमूनों के स्थल, समुद्र या वायु मार्ग द्वारा निर्यात पर लागू नहीं होगी जिनका पोत पर्यन्त शुल्क सौ रुपए से अधिक नहीं है ।

3. यह आदेश राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगा ।

उपाबन्ध- I

[पैरा 1 का उप पैरा (1) देखिए]

लघु इंजीनियरी उत्पाद

1. **घरेलू वस्तुएं**

1. पीतल के बर्तन
2. बर्नर सहित ब्लो लैंप
3. बर्नर सहित तेल-दाब स्टोव
4. मृदु इस्पात की बाल्टियां
5. बर्नर सहित तेल-दाब स्टोव
6. तेल-दाब लालटेन
7. कैंचियां
8. छाते

2. **निर्माण धातु सामग्री**

1. वराज के ताले, अलमारी वाले ताले, बाक्स के ताले, सूटकेस के ताले, पोर्टफोलियो के ताले तथा ब्रीफकेस के ताले
2. बाड़ लगाने के लिए जस्ता इस्पात की तार
3. तसले
4. कब्जे
5. मृदु इस्पात के तार की कीलें
6. मार्टिस ताले (ऊर्ध्वाधर प्रकार के)
7. पैंडलाक
8. पैंडलाक के साथ प्रयुक्त होने वाले दरवाजे के सरकवां बोल्ट
9. टावर बोल्ट
10. तार गेज

3. **छूरी कांटे**

1. कांटे
2. चाकू
3. चम्मच

उपाबंध- II

[पैरा 1 का उप-पैरा I (3) देखिए]

लघु इंजीनियरी उत्पादों के लिए मानक विनिर्देश

घरेलू समान

1. पीतल के बर्तनों के लिए विनिर्देश

1. पीतल के बर्तनों को उन पीतल की वस्तुओं के रूप में परिभाषित किया जाएगा जो खाने, पीने, पकाने, परोसने या खाद्य और पेयों को जिसमें पानी भी सम्मिलित है, संचय करने में प्रयुक्त किए जा सकते हैं ।

2. बर्तन पीतल की ऐसी चद्दर या पत्ती या गोल टुकड़े से बनाए जाएंगे जो चमकदार, साफ और चिकने पृष्ठ वाले हों और असम्यक् रूप से बिगड़े हुए रंग और खरोंचों से मुक्त होंगे । चद्दर टेढ़ी-मेढ़ी और स्पंजी भी नहीं होगी ।

3. बर्तन ढली हुई पीतल से भी बनाए जा सकेंगे । ये सरन्ध्रता, वायु छिद्रों, शीतणटों, विरूपण और अन्य हानिकारक दोषों से मुक्त होंगे ।

4. तैयार बर्तनों की सामग्री समांगी होगी तथा इसमें ऐसा कोई भी संघटक नहीं होगा जो स्वास्थ्य के लिए हानिकर और क्षतिकर हो, सीसे का अंश 0.3 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा ।

5. बर्तन बनाने के लिए प्रयोग की जाने वाली चद्दर की मोटाई, आकार, लम्बाई, चौड़ाई और अन्य संरचनात्मक ब्यौरे क्रेता और निर्यातकर्ता के मध्य हुए करार के अनुसार होंगे तथा परेषण में बर्तनों के किसी विशेष प्रकार के लाट के लिए एकरूप होंगे ।

6. सभी जोड़ उच्च श्रेणी के चिकनेपन से तैयार किए जाएंगे और उनमें मजबूत पीतल का टांका लगाया या सोल्डर किया जाएगा और उसकी रिसन-सह्यता अभिनिश्चित करने के लिए बर्तनों का यथोचित परीक्षण किया जाएगा ।[1]

7. सभी बर्तन चिकने तैयार किए जाएंगे और उनके तेज किनारों को गोल कर दिया जाएगा या मोड़ दिया जाएगा ।

8. यदि क्रेता ऐसी अपेक्षा करे तो बर्तनों पर कलई या मुलम्मा भी चढ़ाया जा सकेगा । ऐसी दशा में कलई या मुलम्मा चिकना और एकरूप होगा ।

9. बर्तनों को, इस बारे में क्रेता के अनुबंध के अनुसार और इस रीति से पैक किया जाएगा कि बिना किसी हानि के सुरक्षित रूप से उनका अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित हो सके ।

2 बर्नर सहित ब्लो लेम्प के लिए विनिर्देश :

1. विभिन्न भागों को बनाने के लिए प्रयुक्त सामग्री ऐसी होगी जो ब्लो लेम्पों के युक्तियुक्त काल पर्यन्त उनके अच्छे कार्य को सुनिश्चित कर सके ।

2. ब्लो लेम्प की डिजाइन, लम्बाई-चौड़ाई और संरचना, क्रेता और विक्रेता के बीच के करार के अनुसार होंगे ।

3. ब्लो लेम्प इस प्रकार के बनाए जाएंगे ताकि निम्नलिखित का समाधान हो जाए :-

(क) साधारण :

(i) इंधन टंकी की तली की प्लेट ऊपरी भाग के साथ सुरक्षित रूप से जोड़ी जाएगी । ईंधन टंकी इस प्रकार की बनायी जाएगी कि प्रयोग की सामान्य दशाओं में उसमें कोई स्थायी विरूपण न हो ।

(ii) ब्लो लेम्प इस प्रकार का बनाया जाएगा कि वह अपने आधार पर दृढ़ता से खड़ा रह सके । तेल से भरे या खाली, दोनों ही अवस्थाओं में, ऐसा होना चाहिए कि उर्ध्वाधर से किसी भी दिशा में 15° के कोण पर उलटने या विमोचन के बिना झुकाया जा सके ।

(iii) मशीन से बने सभी भाग खुरदरेपन से मुक्त होंगे । सूत्रित संघटकों के संगम चिकने होंगे ।

(iv) ईंधन टंकी और अन्य पीतल के भाग चमकीले तैयार किए जाएंगे । पश्चात्वर्ती संक्षारण को रोकने के लिए विनिर्माण के दौरान, सोल्डर फलक्स और समरूप संक्षारकों के अवशिष्टों को हटा दिया जाएगा । उसका भीतरी भाग स्वच्छ, धूल कंकड़ियों या अन्य किसी भी बाह्य पदार्थ से मुक्त होगा ।

(ख) बर्नर समुच्चय :

(i) धातु के बर्नर के सभी जोड़ों पर मजबूत सोल्डर का पीतल का टांका लगाया जाएगा । पीतल से टांका लगाए गए जोड़ मजबूत और चिकने होंगे और दरारों और त्रुटियों से रहित होंगे ।

(ii) बर्नर का समुच्चय ऐसा होगा कि ईंधन जट, बर्नर के बीचोंबीच कार्य करे, जिससे एक दिशा में एकरूपतः नीली लपट निकलें ।

(iii) ईंधन रन्ध्र सीधा ड्रिल किया जाएगा । रन्ध्र का बाहरी भाग इस प्रकार अभिकल्पित होगा कि सफाई के लिए बोधनी का प्रयोग सुविधापूर्वक किया जा सके ।

(iv) निपल का आकार ऐसा होगा कि पेंच कसने और खोलने में स्पेनर या चाबी का प्रयोग किया जा सके ।

(v) 2.5 कि०ग्रा०द०/सें०मी०^2 के आन्तरिक वायु-दाब पर परख किए जाने पर बर्नर में रिसने के कोई लक्षण नहीं दिखाई देंगे ।

(ग) पम्प :

पम्प की संरचना मजबूत होगी और यह वापिस न जाने वाले वाल्व से युक्त होगा जो रिसन-सह होगा । पम्प का washer और वापिस न जाने वाला वाल्व हटाए जा सकेंगे ।

(घ) दाब मोचन पेंच :

ईंधन टंकी, शीघ्रतापूर्वक और सुरक्षात्मक रूप से टंकी में दाबमोचन करने के लिए दाब-मोचन पेंच से युक्त होगी ।

(ङ) तेल भरने की टोपी का समुच्चय :

तेल भरने की टोपी या समुच्चय कार्य करने के सामान्य दाब पर और तब भी रिसन सह होगा जब खंड 41(ख) के अनुसार आन्तरिक जलीय दबाव के अधीन किया जाए।

(च) washer :

सभी washer पर्याप्त रूप से ताप प्रतिरोधी होंगे और मिट्टी के तेल में 24 घंटे रखने के पश्चात् श्लेषी नहीं होंगे । washer सुगमता से बदले जा सकने योग्य होंगे और इनसे जोड़ वायुरोधी हो जाएंगे ।

4. ब्लो-लैम्प निम्नलिखित कार्य परखों को सहन करने के योग्य होंगे, अर्थात :—

(क) पम्प बल्ब, बर्नर और तेल की टोपी से युक्त ईंधन टंकी की परख 2.5 कि०ग्रा०द०/सें०मी०^2 के आन्तरिक वायु-दाब पर की जाएगी । इसमें कोई रिसन या विकृति नहीं आएगी ।

(ख) बर्नर और पम्प वाल्व से रहित ईंधन टंकी को, तीन मिनट की अवधि के लिए 10कि०ग्रा०द०/सेमी०^2 के आन्तरिक जलीय दाब के अधीन रखा जाएगा । टंकी में रिसन का कोई लक्षण नहीं दिखाई देगा ।

(ग) लेम्प के किसी भी भाग की सतह का तापमान, जिसे उसके प्रचालन के दौरान छूना आवश्यक हो, लेम्प के 112 घंटे तक जलने के पश्चात् 60° सें० से अधिक नहीं होगा ।

(घ) ब्लो-लेम्प को, जब 2 कि०ग्रा०द०/सें०मी०^2 के कार्य-दाब पर जलाया जाय, वह समानरूप से जलेगा और 3.2 मिमि के कठोर कर्षित दाब-मुक्त पीतल के तार के टुकड़े को 35 सैकिंड से अनधिक समय में तब पिघलाने के समर्थ होगा, जब तार मजबूती से क्षितिजीय और लपट से लम्ब की स्थिति में रखा जाता है ।

5. प्रत्येक ब्लो-लैम्प के साथ निम्नलिखित का प्रदाय किया जाएगा :—

(क) तीन वेधनियों का एक पैकेट,

(ख) पम्प तथा तेल भरने की टोपी में से प्रत्येक के लिए एक वाशर,

(ग) एक कीप, तथा

(घ) सुरक्षात्मक प्रयोग के लिए विनिर्माता के अनुदेश ।

6. प्रत्येक ब्लो-लेम्प उप-साधनों सहित गत्ते या टिन के बक्सों में पैक किया जाएगा । बक्सों में रखे हुए लेम्प अन्त में इस संबंध में क्रेता के अनुबंध के अनुसार और इस रीति से पैक किए जाएंगे जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि ब्लो लेम्प गन्तव्य स्थान तक बिना नुकसान सुरक्षित रूप में पहुंच जाएं ।

7. 50 कि०ग्रा० तक भार के पैकेज, पैकेज की या उनमें रखे माल की कोई हानि हुए बिना, 190 सें०मी० की ऊंचाई से पात सहन करने में समर्थ होंगे । पैकजों की मौसम और आर्द्रता-प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभाव से पर्याप्त संरक्षण किया जाएगा ।

3. तांबे के बर्तनों के लिए विनिर्देश

1. तांबे के बर्तनों को उन, तांबे की वस्तुओं के रूप में परिभाषित किया जाएगा जो खाने, पीने, रसोई बनाने, परोसने या खाद्य और पेयों का, जिसमें पानी भी सम्मिलित है, संचय करने में प्रयुक्त किए जा सकते हैं ।

2. तांबे की ऐसी चद्दर या पत्ती या गोल टुकड़े से बनाए जाएंगे जिसकी सतह साफ और चिकनी हैं और जो काले आक्साइड, असम्यक् बिगड़े रंगों और खरोंचों से मुक्त हों । चद्दर टेढ़ी-मेढ़ी और स्पन्जी भी नहीं होंगी ।

3. बर्तन ढले हुए तांबे से भी बनाए जा सकेंगे । ये सरंध्रता, वायु छिद्रों, शल्किटों, विस्पण और अन्य हानिकारक दोषों से मुक्त होंगे ।

4. तैयार बर्तनों की सामग्री में कोई हानिकारक या क्षेतिका संघटक नहीं होगा, सीसे और संखिया की मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।

5. बर्तन बनाने के लिए प्रयोग की जाने वाले चद्दर (गेज) की मोटाई, आकार, लम्बाई-चौड़ाई या अन्य संरचनात्मक ब्यौरे क्रेता और निर्यातकर्ता के मध्य हुए करार के अनुसार होंगे ।

6. सभी जोड़ उच्च श्रेणी के चिकनेपन से तैयार किए जाएंगे और उन पर मजबूत पीतल का टांका लगाया/सोल्डर किया जाएगा और इसकी रिसन-सहयता अभिनिश्चित करने के लिए बर्तनों की यथोचित रिसन परख की जाएगी ।

7. सभी बर्तन चिकने तैयार किए जाएंगे और उनकी तेज किनारों के गोल कर दिया जाएगा / मोड़ दिया जाएगा ।

8. बर्तन कलईदार/मुलम्मा चढ़े हुए हो सकते हैं । कलई/मुलम्मा चिकना और एकरूप होगा ।

9. बर्तनों को इस बारे में क्रेता के अनुबंध के अनुसार और इस रीति से पैक किया जाएगा कि बर्तनों का बिना किसी हानि के सुरक्षित रूप से अपने गन्तव्य स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित हो सके ।

4. मृदु इस्पात की बाल्टियों के लिए विनिर्देश

1. बाल्टियां, क्रेता द्वारा यथाविनिर्दिष्ट काली चद्दर या सपाट जस्ती चद्दर से विनिर्मित की जाएंगी । बाल्टियों के लिए प्रयोग की जाने वाली चद्दर 26 एस डब्ल्यू जी (0.0180" या 0.457 मि०मी०) से पतली नहीं होगी ।

2. समग्र लम्बाई-चौड़ाई और अन्य संरचनात्मक ब्यौरे, क्रेता और निर्यातकर्ता के मध्य हुए करार के अनुसार होंगे तथा परेषण में बाल्टियों के विशेष प्रकार के प्रत्येक लाट में वे समान होंगे । तथापि, इयर के लिए चद्दर की मोटाई, 254 मि०मी० (10") तक के व्यास की बाल्टियों के लिए 18 एस डब्लू जी (.048" या 1.22 मि०मी०) और 254 मि०मी० से अधिक व्यास की बाल्टियों के लिए 14 एस डब्लू जी (.08" या 2 मि०मी०) से कम नहीं होगी ।

3. बाल्टी के सभी भाग जिसके अन्तर्गत कीलकें (रिवटिंग) भी हैं, चिकनी तैयार किए जाएंगे और उनकी तेज किनारी गोल किए जाएंगे । बाल्टियां संरचनात्मक सभी दोषों से मुक्त होंगी । बाल्टियों के हैन्डल आकार में एकरूप होंगे और हैण्डलों का व्यास 6 मि०मी० से कम नहीं होगा ।

4. काली चद्दर की बाल्टियां, विनिर्माण के पश्चात् तप्त निमंजन से जस्तेदार की जाएंगी और चढ़ा हुआ जस्ता एकरूप होगा । जस्तेदार तह फफोलों, गिट, धब्बों और खाली स्थानों से मुक्त होंगे । यदि क्रेता सहमत हो तो जस्ती चद्दर से विनिर्मित बाल्टियों के हैण्डल एल्यूमिनियम से रंजित हो सकते हैं ।

5. सूखी खाली बाल्टी को उसके ऊपरी हिस्से को ऊपर की ओर रखते हुए पानी में सीधा दबा कर बाल्टी की रिसन-सहयता की परख की जाएगी । यदि बाल्टी में पानी आता है तो उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा । बाल्टी तब निकाल ली जाएगी, उल्टा की जाएगी (ऊपरी सिरा नीचे की ओर करके) और पुनः पानी में खड़ी दबाई जाएगी । यदि पानी में से हवा का कोई बुलबुला निकलता दिखाई दे तो बाल्टी में किनारों तक पानी भरा जाएगा और दो घंटे तक रखा जाएगा । इसमें रिसन का कोई लक्षण नहीं दिखाई देगा ।

6. बाल्टियां इस संबंध में क्रेता के अनुबंध के अनुसार और ऐसी रीति से पैक की जाएंगी कि बाल्टियों का बिना किसी हानि के सुरक्षित रूप से अपने गन्तव्य स्थान तक पहुंचना सुनिश्चित हो सके ।

5. बर्नर सहित तेल-दाब स्टोव के लिए विनिर्देश

1. विभिन्न भागों के विनिर्माण में प्रयुक्त सामग्री ऐसी होगी जो स्टोव के समस्त युक्तियुक्त काल पर्यन्त उनके अच्छे कार्य को सुनिश्चित कर सके।

2. स्टोवों का डिजाइन, लम्बाई-चौड़ाई और संरचना, क्रेता और विक्रेता के मध्य करार के अनुसार होगी।

3. स्टोवों को इस प्रकार बनाया जाएगा जिससे निम्नलिखित का समाधान हो जाए :—

(क) साधारण :

(1) ईंधन टंकी की तली की प्लेट को ऊपरी भाग के साथ मजबूती से जोड़ा जाएगा। टंकी इस प्रकार से बनाई जाएगी कि प्रयोग की सामान्य दशाओं में उसमें कोई स्थायी विकृति नहीं आए।

(2) स्टोव इस प्रकार का बना होगा कि यह अपनी तली पर मजबूती से रहे और उसके पाए इस प्रकार फिट होंगे कि टंकी का तल, उस सतह से जिस पर स्टोव रखा गया है, कम से कम पूरे 13 मि०मी० ऊपर रहे।

(3) स्टोव, ईंधन से भरे होने पर या खाली होने पर, दोनों ही अवस्थाओं में, ऐसा होना चाहिए कि उच्चाधर से किसी भी दिशा में 15° के कोण पर उस झुकाव पर उलटने या विमोचन के बिना झुकाया जा सके।

(4) मशीन से बने सभी भाग खुरदरेपन से मुक्त होंगे। सूत्रित संघटकों के संगम चिकने होंगे।

(5) ईंधन टंकी और अन्य पीतल के भाग चमकीले तैयार किए जाएंगे। पश्चातवर्ती संक्षरण को रोकने के लिए विनिर्माण के दौरान सोल्डर फ्लक्स और समरूप संक्षारकों के अवशिष्टों को हटा दिया जाएगा। यदि अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो, तो ऊपर की रिंग पर सोने का प्रलाक्ष किया जाएगा।

(ख) बर्नर समुच्चय :

(1) धातु के बर्नर के सभी जोड़ों पर मजबूत सोल्डर का पीतल का टांका लगाया जाएगा। पीतल के टांका लगाने पर जोड़ मजबूत और चिकने होंगे और वे दरारों और त्रुटियों से मुक्त होंगे।

(2) बर्नर का समुच्चय ऐसा होगा कि ईंधन की जैट बर्नर प्लेट के मध्य में और बर्नर प्लेट के लम्बवत् रूप से इस प्रकार कार्य करें ताकि भली प्रकार फैली हुई एकरूप नीली लपट उत्पन्न हो।

(3) बर्नर समुच्चय में पर्याप्त खुला स्थान होगा ताकि ईंधन रन्ध्र तक बेधनी बिना अड़चन के पहुंच जाए।

(4) ईंधन रन्ध्र सीधा ड्रिल किया जाएगा। रन्ध्र का बाहरी भाग इस प्रकार अभिकल्पित होगा कि सफाई के लिए बेधनी का प्रयोग सुविधापूर्वक किया जा सके।

(5) निपल का आकार ऐसा होगा कि पेंच कसने और खोलने में स्पेनर या चाबी का प्रयोग किया जा सके।

(6) 2.5 कि०ग्रा०एफ, ०से०मी०^2 के आन्तरिक वायु-दाब पर परख किए जाने पर, बर्नर में रसन का कोई लक्षण नहीं दिखाई देगा।

(ग) पम्प :

पम्प की संरक्षण मजबूत होगी और वापिस न जाने वाले ऐसे वाल्व से युक्त होगा जो रिसन-सह हो। पम्प के वाशर और वापस न जाने वाला वाल्व हटाए जा सकेंगे।

(घ) दाब-मोचन वाल्व :

ईंधन की टंकी शीघ्रता से और सुरक्षात्मक रूप से टंकी में दाब मोचन के लिए दाब-मोचन पेंच से युक्त होगी।

(ङ) तेल भरने की टोपी का समुच्चय :

तेल भरने की टोपी का समुच्चय कार्य करने के सामान्य दाब पर और तब भी रिसन-सह होगा जब खंड 4(ख) के अनुसार आन्तरिक जलीय दबाव के अधीन किया जाए। तेल भरने का छिद्र इस प्रकार आस्थित और परिकल्पित किया जाएगा कि ईंधन टंकी समतल पर बर्नर स्टेम से मापे जाने पर, उसके कुल घनत्व के 94 प्रतिशत से अधिक न भरी जा सके।

(च) वाशर :

सभी वाशर पर्याप्त रूप से ताप-प्रतिरोधी होंगी और मिट्टी के तेल में 24 घंटे रखने के बाद श्लेषी नहीं होंगे। वाशर सुगमता से बदले जा सकने योग्य होंगे और उनसे जोड़ वायु रोधी हो जाएंगे।

4. परखें—स्टोव निम्नलिखित कार्य परखों को सहन करने के योग्य होंगे, अर्थात् :—

(क) पम्प, वाल्व, बर्नर और तेल की टोपी से युक्त ईंधन टंकी की परख 2.5 कि०ग्रा०एम/से०मी०^2 के आन्तरिक वायु-दाब पर की जाएगी। इसमें कोई रिसन या विकृति नहीं आएगी।

(ख) बर्नर से रहित टंकी को तीन मिनट की अवधि के लिए 12 कि०ग्रा०एफ/से०मी^{2} के आन्तरिक जलीय-दाब के अधीन रखी जाएगी। टंकी में रिसन का कोई लक्षण नहीं दिखाई देगा।

(ग) स्टोव के किसी भी भाग की सतह का तापमान, जिसे उसके प्रचालन के दौरान छूना आवश्यक हो, स्टोव के आधे घंटे तक जलने के पश्चात् 60^0 सें० से अधिक नहीं होगा।

(घ) स्टोव की ऊष्मीय-क्षमता मानक प्रणाली से निर्धारित किए जाने पर 50 प्रतिशत से कम नहीं होगी।

5. प्रत्येक स्टोव के साथ निम्नलिखित दिया जाएगा—

(क) वहनीय स्टोव की दशा में, एक स्पेनर,

(ख) स्टोव के प्रकार के अनुरूप तीन बेधनियों का एक पैकिट,

(ग) जहां आवश्यक हो एक रक्षामक,

(घ) पम्प तथा तेल भरे की टोपी में से प्रत्येक के लिए एक का वाशर,

(ङ) एक कीप, और

(च) सुरक्षात्मक प्रयोग के लिए विनिर्माता के अनुदेश।

6. प्रत्येक स्टोव उपसाधनों सहित गत्ते या टिन के बक्सों में पैक किया जाएगा। बक्सों में रखे हुए स्टोव अन्त में इस संबंध में क्रेता के अनुबंध के अनुसार और इस रीति से पैक किए जाएंगे जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्टोव गन्तव्य स्थान तक बिना नुकसान के सुरक्षित रूप से पहुंच जाए।

7. 50 कि०ग्रा० तक भार के पैकेज, पैकेज को या उसमें रखे माल की कोई हानि हुए बिना 190 से०मी० की ऊंचाई से पात सहन करने में समर्थ होंगे। पैकेजों का पूर्ण रूप से भौसम और आर्द्रता प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभाव से पर्याप्त रूप में संरक्षण किया जाएगा।

6(क). तेल-दाब लालटेनों के लिए विनिर्देश

1. विभिन्न भागों के विनिर्माण में प्रयुक्त सामग्री ऐसी होगी जो लालटेन के समस्त युक्तियुक्त काल पर्यन्त उसके अच्छे कार्य को सुनिश्चित कर सके।

2. लालटेन की डिजाइन, लम्बाई-चौड़ाई और संरचना क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगी।

3. लालटेनें इस प्रकार की बनाई जाएंगी जिसमें निम्नलिखित का समाधान हो जाए :

(क) साधारण :

(1) ईंधन टंकी की तली की प्लेट को ऊपरी भाग के साथ मजबूती से जोड़ी जाएगी। टंकी इस प्रकार बनाई जाएगी कि प्रयोग की सामान्य दशाओं में उसमें स्थायी विकृति नहीं आए।

(2) मशीन से बने सभी भाग खुरदरेपन से मुक्त होंगे। सूत्रित संघटकों के संगम चिकने होंगे।

(3) वाष्पित्र यूनिट को छोड़ कर, पीतल के भागों पर निकल या निकल और कैडमियम का मुलम्मा होगा। मृदु इस्पात के भागों पर निकल या कैडमियम का मुलम्मा होगा। यदि क्रेता द्वारा अपेक्षित हो, तो हुड, केप तथा टंकी पर क्रोमियम का मुलम्मा किया जा सकेगा।

(ख) वाष्पित्र समुच्चय :

(1) वाष्पित्र सीधा या एल आकार का हो सकेगा। वाष्पित्र नली का ऊपरी तथा निचला भाग संयुक्त जोड़ से जोड़ा जाएगा। यूनिट की बनावट ऐसी होगी कि भाग अपने सही स्थानों में सरलतापूर्वक फिट हो जाएं और उनकी अदला-बदली की जा सके। वाष्पित्र का समुच्चय ऐसा होगा कि मिश्रण नली में ईंधन वाष्प बीचो-बीच फेंकी जाए।

(2) ईंधन रन्ध्र सीधा ड्रिल किया जाएगा और यह खुरदरेपन से मुक्त होगा। निपल के रन्ध्र का निचला हिस्सा इस प्रकार अभिकल्पित होगा कि सफाई के लिए बेधनी सरलता से पहुंच सके। निपल का आकार ऐसा होगा कि इसको खोलने के लिए स्पेनर या चाबी का प्रयोग किया जा सके।

(3) पैकिंग शलका वाष्पित्र नली के ऊपरी भाग में सरक कर फिट बैठेगी ताकि तेल टंकी से निपल को कुण्डली-नली द्वारा आए, न कि सीधे ऊपर।

(ग) पम्प :

पम्प रिसन-सह और मजबूत बना होगा और इसमें 2.5 कि०ग्रा० एफ/से०मी०^2 के परख-दाब पर प्रभावी और वापिस न आने वाला वाल्व लगा हुआ होगा।

(घ) मेंटल होल्डर (नाजल) :

मेंटल होल्डर, उस चीनी मिट्टी की सामग्री से बनाया जाएगा जो उन तापमान परिवर्तनों को जो प्रसामान्यतया अनुभव में आते हैं इसके आकार, फिटिंग या कृत्य को प्रभावित करने वाले सिकुड़न, दरार या अन्य दोषों को उत्पन्न किए बिना सहन करने में समर्थ हो।

(ङ) मेंटल :

मेंटल मजबूत होगा। ये पहली बार जलने के पश्चात् असम्यक रूप से नहीं सिकुड़ेगी और लालटेनों के सामान्य प्रयोग के दौरान लगने वाले धक्कों को सहन करने में समर्थ हों।

(च) दाब-गेज :

डायल 3 के० जी० एफ०/से०मी०^2 के न्यूनतम दाब तक अंशांकित किया जाएगा। एक लाल चिह्न उस दाब को इंगित करेगा जिस पर लालटेन को कार्य करना आशयित अर्थात् 2 के०जी०एफ०/से०मी०^2।

(छ) दाब-मोचन पेंच :

ईंधन टंकी प्रभावशाली साधनों से युक्त होगी ताकि प्रचालक, जब कि लालटेन जल रही हो, टंकी के भीतर के दाब को सुरक्षापूर्वक और शीघ्रता-पूर्वक मोचन कर सके।

(ज) वाशर :

सभी वाशर पर्याप्त रूप से तापरोधी होंगे और मिट्टी के तेल में 24 घंटे तक रखने के पश्चात् भी क्षयेषी नहीं होंगे। वाशर सुगमता से बदले जा सकेंगे और उनसे वायु रोधी जोड़ बनेंगे।

(झ) छल्ल और शीर्ष :

क्रमशः प्रज्वलन के लिए वायु के पर्याप्त प्रदाय के लिए और प्रज्वलन के उत्पादों के निकास के लिए क्रमशः छल्ल की तली और शीर्ष पर अपेक्षित संख्या और आकार के छेद किए जाएंगे।

4. लालटेन निम्न कार्य परखों को सहन करने में समर्थ होंगी, अर्थात् :—

(क) ईंधन टंकी तेल भरने की टोपी तथा वाष्पित्र समुच्चय से युक्त, किन्तु बिना दाब गेज के 2.5 के० जी० एफ०/से०मी०^2 के दाब पर परखी जाएगी। इसमें रिसन, विरूपण या टूट-फूट का कोई चिह्न नहीं होगा।

(ख) वाष्पित्र, पम्प वाल्व और दाब गेज रहित ईंधन की टंकी को पांच मिनट की अवधि के लिए 5 के० जी० एफ०/से०मी०^2 के आन्तरिक जलीय दाब के अधीन रखा जाएगा। टंकी में रिसन का कोई चिह्न नहीं होगा। टंकी की 8 के०जी०एफ०/से०मी०^2 के जलीय दबाव पर और आगे परख की जाएगी। यह न तो फटेगी न ही असम्यक् रूप से विकृत होगी। तथापि किंचित जलीय व्यय का रिसन अनुज्ञेय होगा बशर्ते कि दाब पांच मिनट से अन्यून अवधि तक रखे जा सकें।

(ग) लालटेन के किसी भी भाग को सतह का तापमान, जो इसके जलते रहने के दौरान छूना आवश्यक हो, 60° से० से अधिक नहीं होगा। उठाने के हैंडल की लम्बाई ऐसी होगी कि जब 10050 मि०मी० के काले कार्ड के टुकड़े को स्थिर वायु में हैंडल के शीर्ष से 25 मि०मी० नीचे क्षितिजीय रखा जाए, तब काले कार्ड का तापमान 60° से अधिक नहीं होगा।

(घ) लालटेन की माध्य क्षैतिज ज्योति तीव्रता, जब किसी भी मानक पद्धति द्वारा अवधारित की जाए, 5 प्रतिशत की कमी-बेशी के साथ, मोमबत्तीयों में घोषित ज्योति-तीव्रता से कम नहीं होगी।

(ङ) लालटेन की प्रकाश क्षमता, जो कि माध्य क्षितिजीय मोमबत्ती शक्ति के प्रति घंटा उपयुक्त तेल के ग्रामों के भार का अनुपात है, 3 से कम नहीं होगी।

(च) लालटेन, यदि 70 के एम एस प्रति घंटा की गति वाली वायु में अरक्षित छोड़ दी जाए, कम से कम पांच मिनट की अवधि के लिए ठीक प्रकार से कार्य करेगी ;

5. लालटेन पर उनकी भोमवत्तियों में घोषित ज्योति तीव्रता स्टाम्पित की जाएगी ।

6. प्रत्येक लालटेन के साथ निम्नलिखित दिया जाएगा,--

(क) स्पिरिट कैन

(ख) एक स्पैनर

(ग) एक निपल

(घ) दो साफ करने की सुइयां

(ङ) एक तेल-टोपी वाशर

(च) तीन मेंटल

(छ) एक सूई की चाबी

(ज) एक पम्प वाशर और

(झ) एक पुस्तिका, जिसमें सुरक्षित प्रयोग के लिए विनिर्माता के अनुदेश हों ।

7. प्रत्येक लालटेन, उसके अतिरिक्त भाग और उप-साधन, जलसह कागज के अस्तर लगे मजबूत गत्ते के बाक्स में पैक की जाएगी, इसके छत्र को गत्ते के रिंग से सुरक्षित किया जाएगा । प्रत्येक पैकेज पर जिसमें कांच की चिमनी हो "कांच, सावधानी से उठाए" शब्द अंकित किए जाएंगे । लालटेनें इस संबंध में क्रेता के अनुबंध के अनुसार और इस रीति से पैक की जाएंगी कि उनका अपने गन्तव्य स्थान तक सुरक्षित रूप से पहुंचना सुनिश्चित हो सके ।

खं तेल के दबाव वाली लालटेनों के लिए विनिर्देश (लटकने वाली टाइप)

1. विभिन्न भागों के विनिर्माण में प्रयुक्त सामग्री ऐसी होगी जो लालटेनों के सुनिश्चित अपने समस्त युक्तियुक्त काल पर्यन्त उनके अच्छे कार्य को कर सके ।

2. लालटेन का डिजाइन, लम्बाई-चौड़ाई और संरचना क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होंगी ।

3. लालटेनें इस प्रकार की बनाई जाएंगी कि उनसे निम्नलिखित का समाधान हो जाए, अर्थात् :--

(क) **साधारण**

(1) ऊपरी तथा निम्न भाग तथा तेल की टंकी के कालर को भली भांति तेजाब में डाला जाएगा और उसकी जंग छुटाई जाएगी; टंकी के समंजन से पूर्व दोनों ओर टिन का पतर चढ़ाया जाएगा । टंकी पर एक कोट रंग लेप किया जाएगा ।

(2) बाडी केसिंग, विंग शील्ड, चिमनी का ढक्कन, केसिंग रिंग, चिमनी के भाग, द्वारा तथा रिफ्लेक्टर टाप पर दहन जोन तथा निकास गैसों के ताप को सहन करने के लिए उपयुक्त काले चमकदार एनामल का लेप किया जाएगा ।

(3) रिफलेक्टर की चमकने वाली सतह पर सफेद चमकदार एनामेल होगा ।

(ख) **वाष्पित्र एकक**

निम्न का आन्तरिक भाग खुदरेपन से मुक्त होगा ।

(ग) **पम्प**

पम्प मजबूती से बनाया जाएगा तथा उसमें 2.0 के जी एम/से०मी०^2 कार्य दबाव पर करार ढंग से वापस न आने वाला रोधी वाल्व लगा हुआ होगा । वापस न आने वाला रोधी वाल्व तथा पम्प वाशर समंजन बदलने योग्य होंगे ।

(घ) **मेंटल होल्डर (नोजल)**

मेंटल होल्डर ऐसी उपयुक्त चीनी मिट्टी की सामग्री से बनाया जाएगा जो तापमान के ऐसे परिवर्तनों को जो प्रसामान्यतया अनुभव किए जाते हैं इसके आकार, फिटिंग, या क्रियात्मक को प्रभावित करने वाले सिकुड़न, दरार या अन्य दोष उत्पन्न किए बिना सह सकें ।

(ङ) **मेंटल**

मेंटल मजबूत होंगे । वे पहली बार जलने के पश्चात् असम्यक् रूप से नहीं सिकुड़ेंगे और लालटेनों के सामान्य प्रयोग के दौरान लगने वाले धक्कों को सहन करने में समर्थ होंगे ।

(च) **दाब-गेज**

डायल 3 के जी० एफ०/से० मी०^2 के न्यूनतम दबाव तक अंशांकित किया जाएगा । एक लाल चिन्ह उस दबाव को इंगित करेगा जिस पर लालटेन का कार्य करना आशायत है, अर्थात् 2 के० जी० एफ/से०मी^{02}

(छ) **अंतक वाल्व**

(i) भरण नली में अंतक वाल्व अधिकतम दबाव 3 के जी एफ/से० मी०^2 पर वाष्पित्र में तेल के प्रवाह को पूरी तरह रोक देने में समर्थ होगा ।

(ii) तेल की टंकी में, लैम्प के जलते रहने पर, सुरक्षापूर्वक एवं शीघ्रता से दबाव के मोचन के लिए टंकी में ही साधन लगा होगा ।

(ज) **ग्लोब**

ग्लोब एस्बेस्टस के गद्देदार अस्तर लगे हुए रिफलेक्टर पर टिकेगा ।

(झ) **रिफलेक्टर**

(क) गैस चैम्बर इस प्रकार स्थित होगा कि गैस वायु मिश्रण जलते हुए मेंटल से ज्वलित नहीं हो जाए ।

(ख) मिश्रण बनाने वाली नली का खुला सिरा सही होगा और निपल रन्ध्र से सकेन्द्री होगा एवं निपल से निकलने वाली गैस के साथ उसका पूरा तालमेल होगा ।

(ग) रिफलेक्टर एक ओर ढांचे के साथ कब्जा लगा कर तथा दूसरे सिरे पर पेच तथा लाग के साथ जोड़ा जाएगा ।

(ञ) **विंड शील्ड तथा चिमनी का ढक्कन**

विंग शील्ड तथा चिमनी के ढक्कन ढांचे से अलग होने योग्य होने चाहिए

(ट) **वाशर**

(i) सभी वाशर पर्याप्त रूप से ताप तथा मिट्टी के तेल रोधी होंगे । ये 24 घंटे मिट्टी के तेल में पड़े रहने के पश्चात् रिसन-सह होंगे ।

(ii) (क) दबाव गेज तथा इंधन टंकी के; तथा

(ख) पम्प एवं इसके वाल्व के,

जोड़ों के बीच में उपयुक्त जस्ते के वाशर प्रयुक्त किए जाएंगे ।

4. लालटेन निम्नलिखित कार्य निष्पादन परीक्षण सहन करने में समर्थ होगी:—

(क) **वायु दाब परिक्षण**:—पम्प वाल्व तथा तेल की टोपी मुक्त प्रत्येक तेल टंकी का जी एफ/से०मी०^2 के आन्तरिक वायु दाब पर परीक्षण किया जाएगा। इसमें रिसन या विकृति का कोई चिन्ह नहीं दिखाई देगा।

(ख) **सुरक्षा दाब परीक्षण**:—10 के जी एफ/से० मी०^2 के जलीय दाब के अधीन होने पर टंकी सभी जोड़ों तथा टांकों पर रिसन सह होगा। इस परीक्षण के अंत में, उसमें टंकी में कोई भी स्थायी विहानि नहीं होगी। यदि दाब पांच मिनट से अन्यून अवधि के लिए रहने दिया गया हो तो जलीय द्रव का किंचित रिसन अनुज्ञेय होगा।

(ग) **स्फोटन दाब परीक्षण**:—250 के लाट में से कोई भी एक ईंधन टंकी चुनी जाएगी तथा 14 के जी एफ/से०मी०^2 के जलीय दाब के अधीन रखी जाएगी। ईंधन टंकी न तो फटेगी और न ही असम्यक रूप से विकृत होगी।
मिनट से अन्यून अवधि के लिए रहने दिया गया हो तो जलीय द्रव का किंचित रिसन अनुज्ञेय होगा।

(घ) **ज्योती तीव्रता परीक्षण**:—दीपों की माध्य क्षैतिज ज्योति तीव्रता, जब किसी भी मानक पद्धति द्वारा आधारित की जाए, रेटित संख्या के 10 प्रतिशत की प्रकाशित ज्योति-सहयता से कम नहीं होगी।

(ङ) **प्रकाश क्षमता परीक्षण**:—दीपों की प्रकाश क्षमता, अर्थात् माध्य क्षितिजीय ज्योति तीव्रता का एक घंटे में जले ईंधन के ग्रामों में भार के अनुपात 2.5 से कम नहीं होगा।

(च) **सतह ताप परीक्षण**:—दीपों के किसी भी भाग की सतह का ताप जो कि दीपों के जलने के दौरान, छूना आवश्यक हो, 60 से० मी० से अधिक नहीं होगा।

(छ) **तूफान सह परीक्षण**:—बत्ती उस दशा में भी कम से कम पांच मिनट की अवधि के लिए कार्य करेगी जबकि वह 70 कि० मी० प्रति घंटा की गति वाली वायु में खुली छोड़ दी जाए।

5. लालटेनों पर उसकी मोमबत्तियों में घोषित ज्योति तीव्रता अंकित की जाएगी।

6. प्रत्येक लालटेन के साथ निम्नलिखित जाएगा—

(क) एक स्पिरिट कैन
(ख) एक स्पेनर
(ग) एक निपल
(घ) दो साफ करने की सुइयां
(ङ) एक तेल टोपी वाशर
(च) तीन मेंटल
(छ) एक मुर्ई की चाबी
(ज) एक पम्प वाशर, तथा
(झ) एक पुस्तिका जिसमें सुरक्षित प्रयोग के लिए विनिर्माता के अनुदेश हों।

7. प्रत्येक लालटेन मजबूत नालीदार गत्ते के बाक्स में पैक की जाएगी। ग्लोब एक मजबूत गत्ते के बाक्स में पर्याप्त गद्देदार सामग्री द्वारा पृथक रूप से पैक किया जाएगा। ग्लोब वाले प्रत्येक पैकेज पर "कांच, सावधानी से उठायें" शब्द अंकित होंगे। लालटेन, इस संबंध में क्रेता के अनुबंध के अनुसार और इस रीति से पैक की जाएगी कि उनका अपने गंतव्य स्थान तक सुरक्षित रूप से पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

7 कैंचियों के लिये विनिर्देश

1. कैंचियों के विनिर्माण के लिए प्रयुक्त सामग्री निम्नलिखित प्रकार की होगी, अर्थात् :—

(क) हत्थे सहित पूरे फल या केवल फल-उच्च कार्बन इस्पात
(ख) हत्थे, फलों से वेल्ड या रिवेट किए हुए उच्च कार्बन इस्पात, मृदु इस्पात, ढली पीतल या अघातवर्ध लौह से बने हुए।
(ग) कीलक मृदु इस्पात।

2. आकार और लम्बाई-चौड़ाई क्रेता और विक्रेता के मध्य करार पाई अपेक्षाओं के अनुरूप होंगी।

3. सभी फोर्जिंग, वेल्डिंग और रिवेटिंग मजबूत होंगी। सारे जोड़ दृढ़ होंगें और ढीले नहीं होगें। रिवटें रिवित की जायेंगी और सपाट बनाई जाएंगी।

4. कैंचियां उचित रूप से घिसाई हुई होंगी जिनके काटने वाले किनारे निर्बाध कार्य के लिए सही रूप से लगाए गए होंगें? फलों पर उष्मा उपचार किया जाएगा ताकि उनके काटने वाले किनारों को कम-से-कम 500 डीसीएन (या अन्य माप में इसके समतुल्य) की कठोरता दी जा सके परख बिन्दु, जहां तक संभव हो, काटने वाले किनारे से पास होगा, किन्तु 13 मि०मि० से अधिक दूर नहीं होगा।

5. कीलक के रूप में पेंच वाली कैंचियों की दशा में, एक फल में पेंच लगाने के लिए टोटी लगाई जाएंगी। चूड़ियां पूरी तरह ठीक होंगीं। पेंच या बोल्ट के शीर्ष को स्थान देने के लिए दूसरा फल प्रतिसेधित किया जाएगा। समुच्चय के पश्चात, कीलकों के मध्य भाग के सिरे सफाई से दिए जाएंगें।

6. कैंचियों में दरारें, सीवने खुरदरापन त्रुटियां और अन्य दोष नहीं होगें। उनको चिकना तैयार किया जाएगा और उनकी खुली सतह पर या तो एकरूप मुलम्मा चढ़ाया जाएगा या उनको जंक से बचाने के लिए उन पर गाढ़ी पालिश की जाएगी। पेंचों और ढिबरियों पर, जहां कहीं भी प्रयोग किये गये हो, एकरूप मुल्म्मा चढाया जाएगा।

7. मुलम्मा चढाने के पश्चात् मुलम्मा चढ़ाई गई सतह पर चमकीली पालिस की जाएगी और मुलम्मे के दृश्य संदेशों से अर्थात्, फफोलों, गड्डों, मुलम्मा रहित स्थानों, दूसरे गड्ढों, दरारों या धब्बों से मुक्त होगें। मुलम्मा धातु पर मजबूती से चढ़ाया जाएगा और वह छिद्र रहित होगा।

8. कैंचियां असम्यक ढ़िलाई या कठोरता के बिना अबाध रूप से कार्य करेंगी। फल के काटने वाले किनारे एक दूसरे पर नहीं चढ़ेंगें। कैंचियों का प्रदाय धार तेज करके और प्रयोग करने के लिए तैयार रूप में किया जाएगा।

9. कैंचियों का परीक्षण रेशम के एक टुकड़े जिसका भार प्रति वर्ग मी० मी० 61 ग्रा० से कम नहीं हो या कैम्ब्रिक के कपड़े के टुकड़े को जोकि परख के दौरान खींच कर नहीं रखा जाएगा, काट कर किया जाएगा। ऐसा करने में कैंची यथासंभव चौड़ी खोली जाएगा और तब धीरे-धीरे बन्द स्थिति में लाई जाएगी। कैंची बिना टोप के बिना कर्षण या आकर्षण, कपड़े को सफाई से काटेगी और कपड़े का कटा हुआ भाग काटने वाले किनारों से निर्बाध रूप से गिरेगा।

10. निरीक्षक के विवेकानुसार चुनी गई मुलम्मा चढ़ी हुई सतह के 6.5 वर्ग से०मी० से अनधिक भाग को धातु के किसी चिकनी उपकरण से जल्दी जल्दी और दृढ़ता से 50 सेकिंड तक रगड़ा जाएगा। चमकाने के लिए

उपयुक्त उपकरण तांबे की चकती है (उदाहरणतया तांबे का सिक्का) जो कि किनारों की ओर से और चपटी ओर से प्रयोग की जाएगी। दाब प्रत्येक स्ट्रोक में परत को चमकाने के लिए पर्याप्त होगा, किन्तु इतना अधिक नहीं होगा कि वह निक्षेप को काट दें। तब चमकाए गए भाग की दृष्टि से परीक्षा की जाएगी। परत का आसंजन पर्याप्त उस दशा में समझा जाएगा जबकि इस बात का कोई लक्षण नहीं हो कि निक्षेप आधारभूत धातु से अलग हो गया है।

11. कैंची के काटने वाले किनारों और मुलम्मा रहित भागों पर खनिज जेली का हल्का लेप होगा।

12. यदि अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो, तो प्रत्येक कैंची आर्द्रता सह कागज में लपेटी जाएगी और 114 दर्जन, 112 दर्जन या 1 दर्जन कैंचियों के गत्ते की डिब्बों में पैक की जाएगी। गत्ते के डिब्बों का एक ओर कैंचियों का आकार और विनिर्माता आदि का नाम या ब्राण्ड नाम वर्णित करने वाले लेबल लगाए जाएंगे। कैंचियां इस सम्बन्ध में क्रेता के अनुबन्ध के अनुसार और ऐसी रीति से अन्तिम रूप से पैक की जाएंग कि जिससे कि उनका अपने गन्तव्य स्थान तक बिना किसी नुकसान के सुरक्षित रूप से पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

13. 50 कि०ग्रा० भार तक के भार के पैकेट, 190 सें०मी० की ऊंचाई से उनको या उनमें रखे माल की कोई हानि हुए बिना, पात सहन करने योग्य होंगें। पैकजों का मौसम के प्रतिकूल प्रभाव और आर्द्रता संदूषण से संरक्षा की जाएगी।

ख ढले लोहे की कैंचियों के लिए विनिर्देश

1. कैंचियों के बनाने में प्रयोग किया गया ढला लोहा मजबूती, यंत्रीकरणयता, उष्मा रोधिता आदि के बारे में कैंचियों की कार्य संबंधी अपेक्षाओं के लिए समुचित क्वालिटी का होगा। ढलाई ग्रेफाइट और सफेद धब्बों के स्थानीय संचयन से रहित ठोस और बारीक कणों की होगी और ऐसी दरारों, खोखले स्थानों और छिद्रत स्थानों से रहित होगा जो अनावृत्त आंखों से दिखाई दे।

2. आकार और लम्बाई चौड़ाई क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुरूप होंगें।

3. उंगली के लूप पूर्णतया समानुपातिक, स्वच्छ और उचित आकार के होंगें। कैंचियों को उचित रूप से तैयार किया जाएगा और उनके काटने वाले किनारों को सही और निर्बाध रूप से कार्य करने योग्य बनाया जाएगा। कैंचियों की फिनिश की गई सतह पर घिसाई के समय अत्यधिक ताप के कारण 'जलने के चिन्ह' और अन्य कोई यांत्रिक हानि के लक्षण नहीं होंगें।

4. सारे जोड़ सख्त होंगें, ढीले नहीं रिवेट इस प्रकार से रक्षित किए जाएंगें कि वे क्षति न पहुंचाएं।

5. कैंचियों, दरारों, सींवनों, जले हुए स्थानों, त्रुटियों और अन्य दोषों से मुक्त होंगी। वे चिकनी फिनिश वाली होंगी और खाली सतह पर जंक लगने से बचने के लिए या तो एकरूप मुलम्मा चढ़ाया जाएगा या उन पर गहरी पालिश की जाएगी।

6. जब कैंचियों पर मुलम्मा चढ़ा दिया जाए तो मुलम्मा चढ़ी हुई सतह चमकदार और मुलम्मे के दृश्य दोषों अर्थात् फफोलों, गढ़ों, मुलम्मा रहित स्थानों, दूसरगढ़ों, दरारों या धब्बों से मुक्त होगी मलम्मा आधारभूत धातु से दृढ़ता से आसंजित होगा और छिद्ररहित होगा।

7. कैंचियां, बिना असम्यक ढिलाई या सख्ती के अबाध रूप से कार्य करेंगी। फलों के काटने वाले किनारे एक दूसरे पर नहीं चढ़ेंगे। कैंचियां तेज की हुई और प्रयोग के लिए तैयार होंगी।

8. कैंचियों का परीक्षण रेशम (जो प्रतिवर्ग मीटर 61 ग्राम के कम भार का नहीं हो) या कैम्ब्रिक के कपड़े के टुकड़े को, जो कि परख के दौरान खींच कर नहीं रखा जाएगा, काट कर किया जाएगा। ऐसा करने में कैंची यथासंभव चौड़ी की जाएगी और तत्पश्चात् इसे धीरे-धीरे बन्द स्थिति में लाया जाएगा। कैंची पिचटिप के बिना कर्षण या अपकर्षण के कपड़े को सफाई से काटेगी और कपड़े का कटा हुआ भाग काटने वाले किनारों से निर्बाध रूप से गिरेगा।

9. मुलम्मा चढ़ी हुई सतह को अंगूठे के नाखून से जल्दी-जल्दी एवं दृढ़ता से रगड़ा जाएगा। परत का आसंजन उस दशा में पर्याप्त समझा जाएगा जबकि ऐसे रगड़ने के पश्चात् आधारभूत धातु से निक्षेप से अलग होने का लक्षण नहीं है।

10. जहां कैंचियां या उनका कोई भाग पेन्ट किया गया हो, या उन पर इनेमलित या प्रलाक्ष किया गया हो, वहां पेन्ट, इनेमल या प्रलाक्ष तेल-रोधी गुणों वाले होंगें। इस प्रकार उपचारित सतह एक रूप, दोषमुक्त होंगी और पेन्ट, इनेमल या प्रलाक्ष साधारण रगड़ से नहीं छिलेंगे।

11. कैंचियों के काटने वाले किनारों और मुलम्मा रहित भागों पर खनिज जेली का हल्का लेप होगा या उन पर कोई अन्य उपयुक्त जंग रोधी उपचार किया जाएगा।

12. यदि अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो, तो प्रत्येक कैंची आर्द्रता-सह कागज में लपेटी जाएगी और उसे 114 दर्जन या 112 दर्जन या एक दर्जन कैंचियों के गत्ते के डिब्बों में पैक किया जाएगा। गत्ते के डिब्बों की एक ओर कैंचियों का आकार दर्शित करने वाले लेबल लगाए जाएंगें। छोटी कैंचियां प्रदर्शन कार्डों पर लगाई जा सकेंगी। कैंचियां इस सम्बन्ध में क्रेता के अनुबन्ध अनुसार अन्तिम रूप से और ऐसी रीति से पैक की जाएगी जिससे यह कि उनका अपने अगन्तव्य स्थान तक बिना किसी नुकसान के सुरक्षित रूप से पहुंचना सुनिश्चित हो।

13. कैंचियों से भरे डिब्बे/पैकेजों पर सुपाठ्य और अमिट रूप निम्नलिखित अंकित किया जाएगा :

ढला लोहा टूटने वाला

8—छातों के लिये विनिर्देश

1. छातों के डिजाइन, आकार तथा अन्य लम्बाई-चौड़ाई क्रेता और निर्यातकर्ता के मध्य हुए करार के अनुसार होंगें।

2. छातों की मुख्य तीलियों तथा विस्तारक तीलियों को इस प्रकार रिवेट किया जाएगा कि उसे कम्पन या ढिलाई रहित तथा निर्बाध रूप से खुला या बन्द किया जा सके।

3. नली या छड़ी पर खांच दृढ़ता तथा मजबूती से लगाई जाएगी तीलियां खांच पर पीतल, तांबे या जस्तेदार तार द्वारा जोड़ी जाएंगी ताकि तीलियों में असम्यक रूप से ढिलाई या कम्पन न रहें। तार के सिरे इस प्रकार से मोड़े जाएंगें ताकि वे छातों के कपड़ों को न छुएं।

4. विस्तारक तीलियां रनर के साथ पीतल, तांबे या जस्तेदार तार द्वारा मजबूती से जोड़ी जाएंगी। छाते की खुली और बन्द स्थितियों में, रनर, शीर्ष और तल पर दृढ़ता से पकड़ा जा सकेगा।

5. कपड़ा भली प्रकार कलियों में काटा जाएगा और कपड़े के रंग से मेल वाले पक्के रंग के सिलाई के पक्के धागे से उनकी सिलाई की जाएगी कपड़ा मुख्य और विस्तारक तीलियों के जोड़ पर, अर्थात् मुख्य तीली के क्लिप के ऊपर मजबूती से लगाया जाएगा। कपड़ा खांचे के ऊपर शीर्ष पर भी मजबूती से लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, टोपी के नीचे के कपड़े पर, चमड़े का या जलसह वाशर लगाया जाएगा। कपड़े को तिलियों के

सिरों पर छेदों में मजबूती से सिया जाएगा और मुख्य तीलियां एवं विस्तारक तीलियों के जोड़ों पर भी मजबूती से टांका जाएगा। जब छाता खोला जाएगा तो सीवने न तो निकलेगी और न खुलेगी। छाते के पूरे खुलने पर कपड़ा ढीला नहीं होगा या उसमें कोई और दोष नहीं आएगा। सिलाई का धागा बाहरी सतह पर दिखाई नहीं देगा। कपड़े की क्वालिटी क्रेता के अपेक्षाओं के अनुसार होगी।

6. टोपी मजबूती से लगाई जाएगी ताकि वह बारिश के पानी के नली या छड़ी के चारों ओर सीखे जाने के रोक सके।

7. जहां कहीं भी आवश्यक हो, छड़ी के सिरे पर लोहे के छल्ले को दृढ़ता से लगाया जाएगा।

8. हैण्डल के कप का समुच्चय इस प्रकार का होगा कि वह छाते की बंद स्थितियों में मुख्य तीलियों के गोल सिरों को पकड़े रहे। कप इस प्रकार का होगा कि जब यह सिरे तक भींचा जाए तो वह तीलियों के सिरों को ठीक सीमित करे।

9. छाता रनर के अटके बिना आसानी से खुल तथा बंद हो सकेगा। खुला होने पर छाता समामित आकार होगा।

10. छाते की बंद अवस्था में छाते के कपड़े पर उस को लपेटने के लिए छल्ले और बटन सहित उपयुक्त पट्टी का उपाबंध किया जाएगा।

11. बंद और खुली अवस्थाओं में प्रत्येक छाते का आकार अच्छा और एकरूप होगा। छाते को 50 बार खोलने और बंद करने के पश्चात् भी तीलियां किसी प्रकार की विकृति नहीं दिखाएंगी और कपड़ा के खुलने या हिलने-डुलने का कोई लक्षण नहीं दिखाई देगा। लचीली तीलियों की दशा में, खुला छाता बंद करने के लिए चाप छोड़ने पर अपने आप बंद हो जाएगा।

12. छाता हैंडिल पर 10 के जी के कर्षण के अधीन किया जाएगा। हैंडिल न तो टूटेगा न नली से अलग होगा।

13. छाते, इस संबंध में क्रेता के अनुबंध के अनुसार और इस रीति से पैक किए जाएंगे कि उनको अपने छाते गन्तव्य स्थान पर बिना किसी नुकसान के सुरक्षित रूप से पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

14. 50 कि० ग्रा० तक के भार के पैकेज, उसमें रखे माल की या स्वयं पैकेज का नुकसान हुए बिना, 190 सें० मी० की उंचाई से पात सहन करने में समर्थ होंगे। पैकेज की पूर्ण रूप से मौसम के प्रतिकूल प्रभाव और आर्द्रता-संदूषण से संरक्षा की जाएगी।

2. निर्माण धातु सामग्री

दराज के तालो, अलमारी के तालों, बाक्स के तालो, सूटकेस के तालो, पोर्टफोलियों के तालों और ब्रीफकेस के तालों के लिए विनिर्देश

1. (i) ताले ऐसी सामग्री के बनाये जायेंगे जो वास्तविक प्रयोग में उनका युक्तियुक्त काल सुनिश्चित करें। तालों के विनिर्माण में प्रयोग की जाने वाली कुछ सामान्य सामग्रियां निम्न हैं :—

ढली हुई पीतल, पीतल की चद्दर, मृदु इस्पात, एल्युमिनियम मिश्र-धातु सचकन (कास्टिंग), एल्युमिनियम मिश्र-धातु, चद्दर, लैंड किया गया टिन कांसा, सिप्रंग, इस्पात का तार, फासफोर कांसे का तार।

(ii) स्प्रिंग के विनिर्माण में प्रयुक्त पीतल का तार, फासफोर कांसे का तार इस्पात का तार निम्न परीक्षा का समाधान करेगा, अर्थात् :—

लीवर स्प्रिंग लीवर में लगा कर इस प्रकार नीचे को दबाया जाएगा कि वह लीवर के ऊपरी सिरे को छुए और तत्पश्चात् उसे छोड़ दे। इसे छह बार दोहराया जाएगा। परीक्षण के अन्त में, स्प्रिंग पुनः अपनी मूल स्थिति में आ जाएगा।

2. तालों का आकार, डिजाइन और क्रियाविधि, क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अधीन रहेंगे।

3. चाबियां मृदु इस्पात, प्लेड किए गए टिन कांसा, पीतल या एल्युमिनियम मिश्र धातु से बनायी जाएंगी और क्रेता द्वारा यथाविनिर्दिष्ट छेद वाली या बिना छेद वाली होंगी। चाबी के बार्ड और दांत चौरस काटे जाएंगे और वे स्पष्ट आकृति के होंगे। चाबी वार्डों के मिलने वाले सिरे गोल किए जायेंगे।

4. कवर प्लेटें और कृत्रिम (डमी) लीवरों को लीवर नहीं माना जाएगा। लीवर, पिवेट पिन पर पर्याप्त घर्षण या कंपन के बिना कार्य करेंगे। लीवर के छिद्र और खांचे खुरदरेपन से मुक्त होंगे। जब लीवर पिड की संपूर्ण गहराई में पूर्ण रूप से न आएं तब ढले हुए पीतल चद्दर पीतल या मृदु इस्पात से बनी एक कवर प्लेट भी उस पर लगाई जाएगी।

5. तालों और चाबियों के सभी घटकों पर उनके कार्य में घर्षण संबंधी अवरोध को कम करने के लिए चिकनी फिनिश की जाएगी।

6. जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो, पीतल के ताले और चाबियों पर चमकदार फिनिश होगी। एल्युमिनियम मिश्र धातु के तालों का एनोडीकरण किया जाएगा और एनांडी झिल्ली, जैसा क्रेता द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, या तो पारदर्शी होगी या रंगी जाएगी। मृदु इस्पात के तालों पर उपर्युक्त मुलम्मा चढ़ाया जाएगा।

7. (1) दराज के ताले तथा आलमारी के ताले इस प्रकार विनिर्मित होंगे कि चाबियों की पारस्परिक अपरिवर्तनशीलता प्रत्येक बैच में निम्न सीमा तक होगी, अर्थात् :—

(i) 2 लीवर वाले तालों के लिए	6 में 1;
(ii) 3 या 4 लीवर वाले तालों के लिए	12 में 1;
(iii) 5 या 6 लीवर वाले तालों के लिए	24 में 1;
(iv) 6 से अधिक लीवर वाले तालों के लिए	96 में 1;

(2) बाक्स के तालों, सूटकेस के तालों, पोर्टफोलियों के तालों तथा ब्रीफकेस के तालों की चाबियां परस्पर परिवर्तनीय हो सकेंगी।

(3) उस दशा में जब कि चाबियों की परस्पर अपरिवर्तनशीलता अधिक संख्या में अपेक्षित हो तब आर्डर देते समय क्रेता द्वारा ऐसा विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

8. जब तक क्रेता द्वारा अन्यथा अपेक्षित न हो, प्रत्येक ताले पर निम्नलिखित सूचना चिन्हित की जाएगी, अर्थात् :—

(क) लीवरों की संख्या

(ख) ताले का आकार तथा इसकी क्रम संख्या

चाबी पर उस ताले की क्रम संख्या छापी जाएगी जिससे वह संबंधित है। (यह खंड बक्स के तालों, सूटकेस के तालों, पोर्टफोलियो के तालों तथा ब्रीफकेस के तालों पर लागू नहीं होगा)।

9. (1) जब तक क्रेता द्वारा अन्यथा अनुबंधित न हो, प्रत्येक ताला चाबी सहित पतले कागज में लपेटा जाएगा तथा निम्नलिखित सूचना वाले गत्ते के बाक्सों में पैक किया जाएगा, अर्थात् :—

(क) आकार,

(ख) मात्रा,

(2) कार्ड-बोर्ड बाक्स में रखे गए ताले इस संबंध में क्रेता की अपेक्षाओं के अनुसार इस रीति से अन्तिम रूप से पैक किए जायेंगे कि उनका

अपने गन्तव्य स्थान तक बिना किसी नुकसान के सुरक्षित रूप से पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

(3) 50 कि० ग्रा० तक के भार के पैकेज, 190 से० मी० की ऊंचाई से उसको या उसमें रखे माल को कोई हानि हुए बिना पात सहन करने में समर्थ होंगे। पैकेजों का मौसम और आर्द्रता संदूषण के प्रतिकूल प्रभावों से पर्याप्त रूप से संरक्षण किया जाएगा।

2. बाड़ लगाने के लिए जस्तेदार इस्पात के कंटीले तार के लिए विनिर्देश

1. कंटीला तार अच्छी वाणिज्यिक क्वालिटी के इस्पात के तार से बनाया जाएगा। लाइन और गांठ प्वाइन्ट तार गोल होंगे, स्केल और अन्य दोषों से मुक्त होंगे और उनको एक एकरूप जस्तेदार किया जाएगा। लाइनतार लगातार लम्बाई का होगा और उसमें इसके खींचे जाने से पूर्व राड में के वैल्ड को छोड़कर और कोई वैल्ड नहीं होगा।

2. तार का आकार और प्रकार क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होगा। तथापि लाइन तार एवं प्वाइन्ट तार का नाप-मात्र का व्यास 2.00 मि० मी० से कम नहीं होगा। लाइन तार तथा प्वाइन्ट तार के नाममात्र के संबंध में अनुज्ञेय कमी +0.13 मि० मि० से अधिक नहीं होगी।

3. कंटीला तार दो लाइन तारों को मरोड़ कर बनाया जाएगा जिसके एक या दोनों में कांटे होंगे। लड़ियां एक समान मरोड़ी जाएंगी। क्रेता की अपेक्षा के अनुसार कंटकों की दो या चार नोकें होंगी। कंटक तेज भली प्रकार बनाए जाएंगे और लाइन तार (तारों के चारों ओर मजबूती से लपेटे जाएंगे। कंटकों की लम्बाई 13 मि० मि० से अन्यून और 20 मि० मि० से अनधिक नहीं होगी। कंटक बराबर दूरी पर होंगे। कंटकों की बीच की दूरी, 8 मीटर लम्बे कटीले तार में अलग-अलग कंटकों के बीच की दूरी को माप पर कर तय की जाएगी। औसत दूरी विनिर्दिष्ट दूरी से अधिक नहीं होगी। और प्रत्येक दूरी और विनिर्दिष्ट दूरी में 25 मि० मी० से अधिक का फेरफार नहीं होगा।

4. तार के अपने व्यास के लगभग दस गुने बेलनाकार छड़ पर गोल लपेटे जाने पर, उसके जस्ते की परत में पत्रकन (फ्लेकिंग) या विल्कन (पीलिंग) का कोई लक्षण नहीं दिखाएगा।

5. लाइन तार बिना टूटे अपने व्यास के चारों ओर आठ बार लपेटे तथा खोले जाने को सहन करेगा।

6. जब तक क्रेता द्वारा अन्यथा अपेक्षित न हो, कंटीला तार धातु या लकड़ी की रीलों में दिया जाएगा, कंटीले तार की प्रत्येक रील सहंत रूप से लपेटी एवं बांधी जाएगी।

7. कंटीले तार की प्रत्येक रील पर विनिर्माता नाम या ब्राण्ड का नाम, प्वाइन्ट और लाइन तारों के व्यास की दूरी और रील की लम्बाई स्पष्ट रूप से अंकित रहेगी।

3. तसलों के लिए विनिर्देश

1. तसले ऐसी शीत, बेल्लित शीत, और अनील चद्दरों से बनाए जाएंगे जो निम्नलिखित परीक्षण वहन करने में समर्थ हों, अर्थात् :—

उपयुक्त परीक्षण टुकड़े, जब ठंडे हों, तब दबाव या हथौड़े की चोटों से दोहरा मोड़ने पर तब तक न टूटेगा या उसमें दरारें न पड़ेंगी जब तक कि आन्तरिक अर्द्धव्यास परीक्षण टुकड़े की मोटाई के बराबर न हो जाए और बगले समानान्तर न हो जाएं।

2. तसलों के विनिर्माण के लिए प्रयुक्त होने वाली इस्पात की चद्दर 30 एस०डब्लू०जी० (लगभग 0.304 मि० मी०) से कम नहीं होंगे। अन्य संरचनात्मक विवरण क्रेता और निर्यातकर्ता के मध्य हुए करार के अधीन होंगे।

3. तसलों पर चिकनी फिनिश होगी और तेज किनारे गोल मुड़े हुए और जंक से सुरक्षा के लिए उपयुक्त परीक्षण उपचार किया जायगा।

4. तसलों पर चिकनी फिनिश होगी और तेज किनारे गोल मुड़े हुए और जंक से सुरक्षा के लिए उपयुक्त परीक्षण उपचार किया जाएगा।

5. तसले इस संबंध में क्रेता के अनुबंध के अनुसार और इस रीति से पैक किए जायेंगे कि उनका अपने गन्तव्य स्थान तक बिना किसी नुकसान के सुरक्षित रूप से पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

4. कब्जों के विनिर्देश

1. कब्जे अच्छी क्वालिटी की सामग्री से बनायें जायेंगे। कब्जों के विनिर्माण में प्रयुक्त चद्दरें उपयुक्त टुकड़ों को या तो दबाव से या हथोड़े की चोटों से 180 डिग्री पर परीक्षण टुकड़े की मोटाई के लगभग मोटाई पर मोड़ा जाएगा और मुड़े भाग के बाहर टूटने या दरार का कोई लक्षण नहीं दिखाई देगा। ढले हुए पीतल से बने हुए कब्जों पर मोड़ परीक्षण किया जाएगा।

2. आकार आकृति और लंबाई-चौड़ाई क्रेता और विक्रेता के मध्य तय हुए करार के अनुसार होंगे।

3. कब्जे भली प्रकार बने होंगे और खुरदरेपन, घटाव-बढ़ाव और अन्य दोषों से मुक्त होंगे। ढले हुए पीतल से बने कब्जे वात-छिद्रों, ढलाई के और अन्य सतही दोषों से मुक्त होंगे। गति वर्गाकार होगी और कार्य निर्बाध रूप से और सुगमता से अधिक गतिशीलता या कम्पन के बिना किया जा सकेगा। कब्जे के पिन का छेद आधार के मध्य में होगा और वह वर्गाकार होगा। कब्जा पिन मजबूत होगा और रिवेट किया जायेगा या खांचे पर लगाया जाएगा ताकि शीर्ष भली प्रकार बन जाए। जब तक अन्यथा अनुबंधित न हो, 20 गेज सहित और इससे मोटे गेज की चद्दर पर पेच छिद्र प्रतिगतित होंगे और प्रतिगतित लकड़ी के पेंचों के लिए उपयुक्त होंगे। सभी पेच छिद्रों के मध्य और कब्जा के बीच कम से कम डी की दूरी उस दशा में होंगी, जबकि 'डी' पेच-छिद्र का व्यास है। मकिल के बगल फ्लप से सीधे समकर्णों पर होंगे।

4. दोनों तरफ घूमने वाले स्प्रिंग कब्जे निम्नलिखित निष्पादन परीक्षण पूरे करेंगे जो कि इसे सामान्य रीति से प्रदोल दरवाजे में लगा कर की जाएगी, अर्थात् :—

जब दरवाजा प्रत्येक ओर 6 बार 90° में से द्रुतक्रम से धकेला (खोला) जाता है और फिर उसे छोड़ा जाता है, तो परीक्षण के दौरान या उसके पूरा हो जाने पर स्प्रिंग में टूट-फूट या स्थायी रुकावट का कोई लक्षण नहीं दिखाई देगा।

5. जब तक क्रेता द्वारा अन्यथा अनुबंधित न हो 18 ए० डब्ल्यू० जी० (.048 इंच या 1.22 मि० मी०) और इससे कम मोटाई वाले कब्जे गत्ता बाक्सों में पैक किए जायेंगे।

6. 50 कि० ग्रा० तक के भार के पैकेज उसको या उसमें रखे माल को कोई नुकसान हुए बिना 190 से० मी० की उंचाई से पात सहन करने में समर्थ होंगे। पैकेजों का मौसम प्रतिकूल प्रभावों और आर्द्रता संदूषण से पर्याप्त रूप से संरक्षण किया जाएगा।

5. मृदु इस्पात की तार की कीलों के लिए विनिर्देश

1. कीलों का विनिर्माण मृदु इस्पात का तार से किया जाएगा। तार के उपयुक्त परीक्षण टुकड़े, जब ठंडे हो तब, दबाव या हथौड़े की चोटों से दोहरा मोड़ने पर, तब तक न तो टूटेंगे न उनमें दरार पड़ेगी जब तक कि आन्तरिक अर्द्ध व्यास परीक्षण टुकड़े के व्यास के बराबर और सिरे समानान्तर न हो जाएं।

2. कीलें मशीन से बनी होंगी। वे सीधी, अवगोषों से मुक्त एवं तेज नोकों वाली होंगी। शीर्ष भली प्रकार बने होंगे और शंक से समकेन्द्री होंगे।

3. विभिन्न प्रकार की कीलों के, जिनमें सभी प्रकार की कटी हुई कीलिकाएं और बोर्ड पिनें सम्मिलित हैं, आकार, आकृति और लम्बाई-चौड़ाई संबंधी सहायता के अभाव में निम्नलिखित लागू होगा, अर्थात् :--

	मि० मी० में सहायता	
तार की कीलें (जो कटी हुई कीलिकाओं से भिन्न हैं)	(शक) वृत्त व्यास ±0.06	समग्र लम्बाई +2.0 −0.0
कटी हुई कीलिकाएं	±0.13	+2.0 —1.0

4. जब तक अन्यथा अपेक्षित न हो तो, कीलें चमकदार फिनिश करके दी जाएंगी।

5. जब तक क्रेता द्वारा अन्यथा अपेक्षित न हो कीलों के सभी पैकें जिस पर निम्नलिखित सूचना अंकित की जाएगी, अर्थात् :—

(क) आकार

(ख) मात्रा

(6) (i) विभिन्न आकारों व प्रकारों की कीलें अलग-अलग डिब्बों में पैक की जाएंगी।

(ii) जब तक क्रेता द्वारा अन्यथा अपेक्षित न हों, मृदु इस्पात की तारों की कीलों के डिब्बे अन्तिम रूप से इस संबंध में क्रेता के अनुबन्ध के अनुसार इस रीति से पैक किए जाएंगे जिससे कि तार की कीलों का अपने गन्तव्य स्थान तक बिना किसी नुकसान के सुरक्षित रूप से पहुँचना सुनिश्चित हो जाए।

(iii) 50 कि० ग्रा० तक के भार के पैकेज, उसको या उनमें रखे माल को कोई नुकसान हुए बिना 190 सें० मी० की ऊंचाई पात सहन कर सकेगा पैकेजों का मौसम और आर्द्रता संदूषण के प्रतिकूल प्रभावों से पर्याप्त रूप से संरक्षण किया जाएगा।

6. मार्टिस तालो (उर्ध्वाधर प्रकार के) के लिए विनिर्देश

(1) ताले इस प्रकार की सामग्रियों से बनाए जाएंगे जो वास्तविक प्रयोग में उनका युक्तियुक्त काल सुनिश्चित कर सके। तालों के विनिर्माण में प्रयुक्त होने वाली कुछ सामान्य कच्ची सामग्रियां निम्न हैं :--

मृदु इस्पात, आघातवर्धनीय लोहा, ढला हुआ पीतल, पीतल की चद्दर बहिर्वधित पीतल, पीतल की तार, ढली हुई एल्युमिनियम मिश्र धातु, एल्युमीनियम मिश्र-धातु चद्दर, बहिर्वधित एल्युमीनियम मिश्र धातु, सीसेदार टिन, कांसा, जस्ते के आधार वाली ढली हुई मिश्र धातु डाई, फासफोर कांसा, इस्पात की तार, अंगरोधी इस्पात।

(2) स्प्रिंगों के विनिमाण में प्रयुक्त पीतल का तार, फासफोर कांसे की तार और इस्पात की तार निम्न परीक्षणों का समाधान करेंगे :—

'लीवर स्प्रिंग लीवर में फिट कर दी जाएगी और इस प्रकार नीचे की ओर दबाया जाएगा कि वह लीवर के शीर्ष के सिरे को छूए और तत्पश्चात् उसे छोड़ दिया जाएगा। यह 6 बार दोहराया जाएगा। परीक्षण के अन्त में स्प्रिंग पुनः अपनी मूल स्थिति में आ जाएगा।

2. तालों की आकृति, डिजाइन, लम्बाई-चौड़ाई और क्रिया-विधि क्रेता और विक्रेता के मध्य हुए करार के अनुसार होंगे।

3. प्रत्येक ताले के साथ दो चाबियां दी जाएंगी। प्रत्येक चाबी ठोस मृदु इस्पात खंड, सीसेदार टिन, कांसा, स्टेनलेस इस्पात या डाई कास्ट पीतल की मिश्र धातु मे गढ़ कर या पंच करके बनाई जाएगी। चाबियों के अवरोध विविध संयोजनों के लिए पूरी तरह काटे जाएंगे, स्पष्ट होंगे और खुरदरेपन से मुक्त होंगे। चाबियां के मिलाने वाले अवरोध गोल किए जाएंगे। चाबियां सुविधापूर्वक बिना अधिक घर्षण के कार्य करेंगी।

4. पीतल के पिंड चिकनी फिनिश वाले होंगे। इस्पात के पिंड पर उपयुक्त सुरक्षात्मक कोटिंग जैसे रंगलेप किया जाएगा। सामने की प्लेट और पिछली (स्ट्राइकिंग) प्लेट पर चिकनी फिनिश की जाएगी और उन पर चमकीली पालिश की जाएगी। जहां क्रेता द्वारा ऐसा वांछित हो, सामने की प्लेट और पिछली (स्ट्राइकिंग) प्लेट पर मुलम्मा चढ़ाया जा सकेगा और वह एनोडीकृत या आक्सीकृत भी हो सकेगी।

5. (1) ताले इस प्रकार बानए जाएंगे कि प्रत्येक बैंच में चाबियों की परस्पर अपरिवर्तशीलता निम्न सीमा से अधिक नहीं हो, अर्थात् :--

(1) 2 लीवर वाले तालों के लिए 6 में 1;

(2) 3 या 4 लीवर वाले तालों के लिए 12 में 1;

(3) 5 या 6 लीवर वाले तालों के लिए 24 में 1;

(4) 6 लीवर से अधिक वाले तालों के लिए 96 में 1।

(2) उस दशा में, चाबियों की जब परस्पर अपरिवर्तशीलता अधिक संख्या में अपेक्षित हो, क्रेता द्वारा आदेश देते समय ऐसा विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

6. समुच्चय किया हुआ ताला निम्नलिखित परीक्षण को सहन करेगा, अर्थात् :—

(1) जब हैंडल सहित तकुआ ताले के छिद्र में डाला जाकर घुमाया जाता है, तब सिटकनी बोल्ट ताले के पिंड में सुविधा से चला जाएगा और वह सामने के सिरे से एक मिली मीटर भीतर होगा।

(2) जब सिटकनी बोल्ट दबाव डाल कर ताले के पिंड में दबाया जाता है, तब क्रिया सुविधापूर्वक होगी और जब पूरा दबाव पड़े तब सिटकनी बोल्ट सामने की सतह के सिरे से एक मिलीमीटर से अधिक बाहर नहीं निकलेगा।

(3) जब ताले के एक पार्श्व से चाबी छिद्र में डाली जाकर ताला लगाने वाले बोल्ट को वापस फेरने के लिए घुमाई जाती है, तो क्रिया सुविधापूर्वक और निर्बाध होगी। जब घुमाव की दिशा, ताला लगाने वाले बोल्ट में ताला लगाने के लिए उल्टी की जाती है, तब भी क्रिया सुविधापूर्वक और निर्बाध होगी। ताला बन्द होने की दशा में ताला लगाने वाला बोल्ट सामने की सतह के सिरे से न्यूनतम 12 मि० मी० बाहर निकलेगा, यद्यपि एक मिलीमीटर का निर्बाध संचलन अनज्ञेय है। ताला लगाने वाले बोल्ट में दोनों दिशाओं में कई बार जल्दी जल्दी चाबी घुमाई जाएगी। ताले की दूसरी ओर से चाबी लगाकर यह परीक्षण दोहराया जाएगा। संघटक अपनी सामान्य स्थिति से अन्यों को बाधा उत्पन्न करने के लिए नहीं हटेंगे।

